# समाचार वाणी
खबर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 29 September 2026


## IT स्टॉक्स मे दिखी तूफानी तेजी, Coforge मे रंहा सबसे बड़ा उछाल, जानिए क्या है कारण।

Publisher Published on 10 Jun 2025



## FII निवेश, अमेरिका-चीन ट्रेड टॉक और डॉलर स्थिरता से आई तेजी।

**नई दिल्ली :** भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को **IT सेक्टर** के **स्टॉक्स** ने जबरदस्त रफ्तार पकड़ी। **Nifty IT Index** करीब **2 फीसदी** चढ़ गया और दिन के ऊपरी स्तर के करीब कारोबार करता नजर आया।

सभी **IT स्टॉक्स** हरे निशान में रहे। सबसे बड़ा उछाल **Coforge** में देखने को मिला। इसके अलावा **Persistent Systems, Tech Mahindra** और **Oracle Financial Services** जैसी कंपनियों में भी अच्छी तेजी दर्ज हुई।

**किन स्टॉक्स मे कितनी तेजी ?**

| **स्टॉक का नाम** | **तेजी** | **शेयर भाव (रुपये मे)** |
|---|---|---|
| Coforge | 5.6% | 1,895 |
| Persistent Systems | 3.2% | 5,980 |
| Tech Mahindra | 2.5% | 1,619 |

**2025 मे कैसा रहा Nifty IT का प्रदर्शन ?**

१. **पिछले 5 ट्रेडिंग सेशन्स मे 4.7% की तेजी**

२. **पिछले 1 साल मे इंडेक्स मे 11.65% की बढ़त**

३. **2025 की शुरुआत से अब तक 10% की गिरावट (ट्रम्प टैरिफ और कमजोर डॉलर के असर से)**

तेजी के 3 बड़े कारण

१. **अमेरिका-चीन ट्रेड टॉक मे फिर से हलचल**

**अमेरिका** और **चीन** के बीच ट्रेड टॉक की एक बार फिर शुरुआत हुई है। दोनों देशों के बीच टैरिफ तनाव कम करने की कोशिश हो रही है। ट्रम्प और शी जिनपिंग की फोन पर हुई बातचीत और जिनेवा में हुई 90 दिन की **टैरिफ-सस्पेशंन डील** से बाजार में पॉजिटिव सिग्नल मिला है।

२. **अमेरिकी अर्थव्यवस्था और डॉलर की स्थिरता**

**अमेरिकी जॉब डेटा** में सुधार और डॉलर की स्थिरता ने **IT सेक्टर** में निवेशकों को राहत दी है। इसके चलते **Foreign Institutional Investors (FIIs)** की खरीदारी बढ़ी है, जिससे बाजार में तेजी आई है।

३. **FII की पकड़ मजबूत**

रिपोर्ट के अनुसार, भारत में **FIIs** जिन पांच सबसे बड़े सेक्टर्स में निवेश करते हैं, उनमें **IT सेक्टर** भी शामिल है। **IT सेक्टर मे** **8.2% FII** होल्डिंग है। मई में **IT सेक्टर** में बिकवाली कम रही और **FIIs** ने अप्रैल के मुकाबले अपनी हिस्सेदारी बनाए रखी।

**बाजार की नजरे अब IT स्टॉक्स पर**

वैश्विक सकारात्मक संकेतों, **अमेरिका-चीन** के बीच बातचीत और विदेशी निवेशकों की रुचि ने **IT स्टॉक्स** को मजबूती दी है। अगर **ट्रम्प टैरिफ** को लेकर और राहत मिलती है और डॉलर स्थिर बना रहता है, तो आने वाले दिनों में **IT सेक्टर** में और तेजी देखी जा सकती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.